# उद्योगों के लिए 44 हजार से ज्यादा भूखंडों का सर्वे

## इन्वेस्ट यूपी ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी को प्रमुख निवेश गंतव्य बनाने के लिए उद्यमी मित्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उद्योगों के लिए के तहत 44 हजार से अधिक भूखंडों का सर्वे किया जा रहा है। एमओयू को भूमि निवेश समारोह में जोड़ने के लिए 2.35 लाख करोड़ के 6200 समझौता ज्ञापनों के चिह्नांकन की प्रक्रिया जारी है। पांच लाख करोड़ के पांचवे भूमि निवेश समारोह पर तेजी से काम हो रहा है। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को दी।

अधिकारियों ने उद्यमी मित्रों व इन्वेस्ट यूपी द्वारा की गई पहल, योजनाबद्ध प्रयासों और सात सूत्री एजेंडा से नंदी को अवगत कराया। नंदी ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी और उद्यमी मित्र यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश के हर हिस्से तक निवेश पहुंचे। उन्होंने एकल-खिड़की प्रणाली को मजबूत करने और निवेश मित्र पोर्टल को और अधिक सरल बनाने को कहा।

बताया गया कि इन्वेस्ट यूपी की मुख्यालय टीम ने 14 जिलों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली परखी गई। निरीक्षण में समस्याओं का समाधान भी कराया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों के लिए आईआईएम लखनऊ के सहयोग से पांच दिनी प्रबंधन विकास कार्यक्रम बनाया गया है। यह कार्यक्रम नेतृत्व, रणनीतिक योजना, वित्तीय दक्षता, संप्रेषण कौशल, परियोजना क्रियान्वयन और प्रौद्योगिकी तत्परता जैसे छह मॉड्यूल पर आधारित है। ब्यूरो